शहर की गंदगी को दूर करने को बढ़े कदम

विशेष अभियान के तहत खंभापुर में सफाई करते पालिकाकर्मी • जागरण

फतेहपुर : सफाई के अनछुए इलाकों में सफाई कर्मियों की फौज पहुंचती है तो लोग निहारते रह जाते हैं। गंदगी से भरे शहर को स्वच्छता की चादर पहनाने के लिए इन दिनों दूसरे पहर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पालिका कर्मी झाड़ू लगाकर कूड़े की त्वरित उठान कर रहे हैं तो नालियों से सिल्ट उठाने के त्वरित काम से लोगों को राहत भी मिल रही है।

केंद्र सरकार की अमृत योजना में एक साल पूर्व हुए चयन के बाद उसके अहम बिंदु सफाई पर पालिका प्रशासन इन दिनों पूरी ताकत लगाए हुए है। योजना के तहत दिल्ली से आने वाली टीम पूरी तरह से गोपनीय आधार पर जांच करती है और गोपनीय आधार पर अंक देती है। इन अंकों का महत्व केंद्रीय योजना में मिलने वाले धन में देखने को मिलता है। बीते सालों में आई टीम ने शहर का भौतिक सत्यापन किया और कम अंक प्रदान किए थे। नए बोर्ड के गठन के बाद इस काम में तेजी दिखाई दे रही है। पालिका के सभासद एवं चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मौके पर पहुंच कर इस काम को अंजाम दिए जाने की हौसला अफजाई व देखरेख कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि अभियान के तहत शहर के जयरामनगर, खंभापुर, ओंनिहा रोड, विष्णुपुरी कॉलोनी, पीएसी कॉलोनी आदि इलाकों में सफाई अभियान को गति दिया गया है। शहर के साथ पालिका से जुड़े गांवों में सफाई का अभियान चलाया जाएगा।